RAF SECTOR

NEWS CLIP

22/08/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Rajasthan Patrika (Ahmedabad,Guj.)

आरएएफ जवानों ने छात्रों के साथ किया पौधरोपण

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

अहमदाबाद. 100वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल और एक निजी स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी जितेन्द्र कुमार ओझा के दिशा निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने को लेकर पौधरोपण किया गया।

इस मौके पर वाहिनी के अधिकारियों, जवानों और स्कूल के 55 बच्चों शिक्षकों ने 250 से ज्यादा पौधे रोपे। ओझा ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया। इस अवसर पर मौसम की अनियमितताओ से बचने हेतु अधिकतम पौधरोपण के महत्व को बताया। बच्चो को कैंप परिसर का भ्रमण कराया गया और भविष्य में इसी प्रकार देश हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया

Prabhat Khabar (Jamshedpur,JKD)

कांवरियों की सेवा कर लौटे जवान

नरवा . सुंदरनगर स्थित द्रुत कार्य बल 106 बटालियन के कमांडेंट पीके सिंह के दिशा निर्देश पर देवघर श्रावणी मेला में कांवरियों की सेवा एवं विधि व्यवस्था के लिये द्रुत कार्यबल की बी एवं सी दो कंपनियां तैनात किये गये थे. बी कंपनी का नेतृत्व उप कमांडेंट बृजेंद्र कुमार एवं सी कंपनी का नेतृत्व उप कमांडेंट राकेश कुमार एवं उपकमांडेंट अनामी शरण के सफल नेतृत्व में जिम्मेवारी निभा कर 21 अगस्त को सुंदरनगर कैंप पहुंचे. उक्त जानकारी उप कमांडेंट श्री शरण ने दी है.

Photos of Deployment/Sadbhavana Diwas By RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।